कायालय–अपर प्रमुख वन सरक्षक एव नाडल आधकारा, वन सरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक– 120 / FP/UK/ROAD/35046/2018 :देहरादून:दिनांकः 12 जुलाई, 2021

सामान्य 29/7/2021

सेवा में,

श्री प्रवीण कुमार,
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमांऊ वृत्त,
अल्मोड़ा।

विषयः– जनपद–बागेश्वर में जिला योजना के अन्तर्गत काण्डा मन्तोली का विस्तार तल्ला तिपोला तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.413 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्रामीण निर्माण विभाग प्रत्यावर्तन।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके माध्यम से प्रश्नगत प्रस्ताव दिनांक 30.07.2018 को ऑनलाईन प्राप्त हुआ था एवं प्रस्तावक विभाग द्वारा प्रस्ताव की हार्ड प्रति दिनांक 05.06.2021 के द्वारा प्रस्ताव की तीन प्रतियां प्राप्त हुई हैं। आप द्वारा प्रस्तुत हार्ड प्रति के अवलोकन करने पश्चात निम्नप्रकार प्रस्ताव में अपूर्णता दृष्टिगत हो रही है, जिसका निराकरण किया जाना तत्काल आवश्यक है।

1. प्रस्ताव में संलग्न विषयसूची अंकित नहीं है, पृष्ठ संख्या के अनुसार प्रेषित करें। कृपया सही सूचना अंकित की जाय।
2. प्रस्ताव में भाग–1, भाग–2, एवं भाग–3 को तैयार कर तीन मूल प्रतियों में संलग्न कर प्रेषित करें, ताकि सूचना तैयार कर भारत सरकार को प्रेषित की जा सके।
3. प्रस्ताव में संलग्न प्रप्रत्र संख्या 44 में प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर अपेक्षित है।
4. प्रस्ताव में संलग्न क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु वर्ष 2020–21 सी0ए0 की दरें लगायी गयी हैं, कृपया सी0ए0 की वर्तमान दर 2021–22 के अनुसार प्राक्लन प्रस्ताव में सलग्न करें।
5. प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र संख्या 7 में एस0आई0आर0 में तिथि अंकित नहीं है।

अतः उपरोक्त कमियों का निराकरण करने हेतु प्रयोक्ता एजेन्सी/प्रभागीय वनाधिकारी को अपने स्तर से निर्देशित करते हुये कमियों का पूर्ण निराकरण करवाकर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं
नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या :– 120 / FP/UK/ROAD/35046/2018 दिनांकित।

प्रतिलिपि श्री हिमांशु बागड़ी, प्रभागीय वनाधिकारी बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रस्ताव में इंगित कमियों का प्रस्तावक विभाग से पूर्ण निराकरण करवाकर प्रस्ताव इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

Land Transfer
27.07.21

प्राप्ति संख्या 588
दिनांक 29/7/2021
द्वारा
फाईल संख्या 12-1-2
आवश्यक कार्यवाही करें।
प्र0 प्रशा0 अधि0 प्र0 व0 स0

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं
नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

Q/388/12-1-2 दि. 29/7/2021

प्रति - लोक निर्माण विभाग बागेश्वर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रस्ताव में लगाये गये आपत्तियों का निराकरण कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

D. F. O. Bageshwar

O/C